*Photograph 58 College students inspiring kids to observe Cleanliness through Nukkad Natak on "swchchta" at Kripal Sheela Road Slum Area adjacent to the river Yamuna*

## पांवटा साहिब के स्वयंसेवियों ने की साफ-सफाई

पांवटा साहिब। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने आर्ट ऑफ लिविंग से सुमेश के साथ योगाभ्यास किया। उसके बाद स्वयंसेवकों के एक.समूह ने महाविद्यालय में झाड़ियों को काटकर वाटिका को साफ किया तथा कालेज में प्लास्टिक फ्री कैंपेन चलाकर कालेज परिसर को प्लास्टिक मुक्त किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने श्री कृपालशिला क्षेत्र में स्लम एरिया के बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छ रहने के लाभ बताए और गंदगी से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया। टेक्नीकल सेशन में स्वयं प्राचार्या डाक्टर वीना राठौर ने बतौर स्त्रोत वक्ता शिरकत की, जिसमें उन्होंने कई योग्यता निर्माण एवं विकास क्रियाकलापों के जरिए स्वयंसेवकों को उनकी योग्यताओं के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीना चौहान तथा प्रो. रिंकू अग्रवाल भी मौजूद रहे।

*News Clip 15 Divya Himachal 08.09.2021 p.6*

## 31. Participation of students in Blood Donation camp at Shiv Mandir, Taru wala on 16.07.2020



*Photograph 59 College students with certificates of blood donation*




*Photograph 60 College student Mr. Kunal donating blood*

## 32. College students participated in Sanitisation of public places in Paonta Sahib

Students of college participated in Sanitisation campaign of public places like hospital police station SDM Office, Main Bazaar and Badripur chowk and played the role of responsible youth of India during Covid Pandemic. The event was organised by ABVP Paonta Sahib Unit on 14.05.2021.




*Photograph 61 Students in Market and SDM Court*




*Photograph 62 Students taking part in Sanitisation of public places*




*Photograph 63 Sanitisation in City Hospital*

## 33. Student Amit Tiwari is a part of Khushiyon ka Bank sanstha which is sponsored by Mera Gaon, Mera Desh , a Sahara Sanstha .



# बच्चों को शिक्षा और जरूरतमंदों को कपड़े देकर बांट रहे खुशियां

## समाज को नई दिशा दे रहे माजरा के अनुराग गुप्ता, बनाई 'मेरा गांव, मेरा देश..' संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

**पांवटा साहिब (सिरमौर)।** कहते हैं कि समाज सेवा का जज्बा दिल में हो तो इंसान किसी भी परिस्थितियों में समाज सेवा कर सकता है। समाजसेवा से जरूरतमंद लोगों की ही सहायता नहीं होती बल्कि खुद को भी बेहद सुख मिलता है।

ऐसा ही कुछ कर रहे हैं माजरा क्षेत्र के समाजसेवी अनुराग गुप्ता। अनुराग गुप्ता ने जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए 'मेरा गांव, मेरा देश..', एक सहारा संस्था माजरा.., बनाई। इसमें समाजसेवी लोगों को जोड़ा। अब इस संस्था के माध्यम से स्लम क्षेत्र और आसपास के जरूरतमंद 40 बच्चों को निशुल्क ट्यूशन दी जा रही है। यही नहीं इस संस्था ने खुशियों का बैंक भी ईजाद किया है। इस बैंक के माध्यम से भी मानव सेवा जारी है। मानव सेवा के

### स्लम एरिया के 40 बच्चों को दी जा रही मुफ्त शिक्षा

इन कार्यों के लिए अनुराग गुप्ता को राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर भी दो बार सम्मानित किया जा चुका है।

अनुराग गुप्ता ने एक साल पहले यह संस्था बनाई। एक साल में ही इस संस्था ने समाजसेवा के नये आयाम स्थापित किए हैं। स्लम क्षेत्र सहित दूसरे जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क ट्यूशन देनी शुरू की।

संस्था ने खुशियों का बैंक भी खड़ा किया। इसके जरिये लोगों से पुराने वस्त्र, खिलौने, बर्तन और दूसरी सामग्री एकत्रित की। खुशियों के बैंक के माध्यम से इस सामग्री को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। नगर खेड़ा मंदिर धर्मशाला के नीचे कमरे में खुशियों के बैंक में प्रतिदिन शाम चार से छह बजे तक संस्था से जुड़े शिक्षित और जागरूक युवा सेवा दे रहे हैं।

इसमें खुद अनुराग गुप्ता, पुष्पा खंडूजा, नीरज बंसल, अमित तिवारी और दीपा शामिल हैं। जरूरतमंद बच्चों को लोगों के सहयोग से कॉपी, पेंसिल, रबड़, रंग आदि भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

माजरा में खुशियों का बैंक केंद्र में बच्चों को जानकारी देते पदाधिकारी। संवाद

### इंटरनेशनल आइकॉन अवार्ड से हो चुके सम्मानित

अनुराग गुप्ता

समाजसेवी और अधिवक्ता अनुराग गुप्ता को इंटरनेशनल आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। मोस्ट प्रॉमिसिंग सोशल वर्कर और रिसर्च स्कॉलर का अवार्ड उनको शोध कार्य और समाजसेवा करने पर इसी वर्ष 29 अप्रैल को मिला था। मुख्यातिथि मिस यूनिवर्स 2000 और बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता थी। इससे पूर्व अनुराग गुप्ता को बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल के द्वारा भी एशिया पेसिफिक एक्सीलेंस अवार्ड से नवाज चुकी हैं।

*News Clip 16 Amar Ujala 29.08.2022 p.5*




https://www.facebook.com/watch/?v=1165841313997768

https://www.facebook.com/100118922773777/posts/pfbid0cBADWpFf7kFHmiAZb1X7dx7T4eofZD8kxtFRT7d8mEpKPxHu63WaLNS86Z5CnNjtl/?sfnsn=wiwspmo&extid=a&mibextid=7htlnv

https://www.facebook.com/100118922773777/posts/pfbid05TWJSVWPhJ2GqAinFf7rnWGX1zqWqwG4czSj1egVMbwwyrkPW55b7dfS3DrSpYaNl/?sfnsn=wiwspmo&extid=a&mibextid=7htlnv

https://www.facebook.com/khushiyokabank/videos/461739315963145/?sfnsn=wiwspmo&extid=a&mibextid=7ht

## 34. Awareness campaign regarding Swachchta Abhiyaan outside the college campus on 09.08.2019



*Photograph 64 Students talking to shopkeeper outside college premise regarding Swachchta Abhiyaan on 09.08.2019*

## 35. Vriksh Lagao, Paryavaran Bachao" Campaign at Puruwala Katapatthar by Student Political Group on 28.07.2020



*Photograph 65 Group of students during plantation at Puruwala Katapathar on 28.07.2020*

## 36. Contributing in Screening, checking of oxygen level and awareness regarding Covid 19 Vaccination in slum area on 26.05.2021



*Photograph 66 Awareness regarding Vaccination and thermal screening by college student*



*Photograph 67 Thermal Screening by student of college in Slum area*

# 37. Participation in plantation drive at Soorajpur bead on 27.07.2019 by 13 students and planted 100 plants




*Photograph 68 Vriksh Lagao, Paryavaran Bachao Campaign by students*

# 38. Promotion of Communal Harmony on 30.11.2021

## गुजरात के गरबे ने मोहा सभी का मन

### श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में मनाया सांप्रदायिक सद्भावना समारोह

**कार्यालय संवाददाता-पांवटा साहिब**

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्या डा. वीना राठौर की अध्यक्षता में सांप्रदायिक सद्भावना समारोह मनाया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में आफिसर प्रो. रीना चौहान एवं प्रो. रिंकू अग्रवाल के दिशा-निर्देश में राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 समूहों में अंतर सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता करवाई गई। सभी समूहों ने अलग-अलग राज्यों के नृत्य जैसे राजस्थान का घूमर, उत्तरांचली नाटी, हिमाचली नाटी, महाराष्ट्र का लावणी, गुजरात का गरबा, कश्मीरी नृत्य, पंजाब का भंगड़ा एवं हरियाणा का हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस प्रतियोगिता में (गुजरात का गरबा) प्रथम व राजस्थान का घूमर द्वितीय एवं भंगड़ा और लावणी नृत्य तृतीय स्थान पर रहा। प्रो. किरण बाला, प्रो. रीना चौहान एवं प्रो. रिंकू अग्रवाल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।



प्राचार्या डा. वीना राठौर ने पूरी इकाई को इस कार्यक्रम के आयोजन की बधाई देते हुए सांप्रदायिक सद्भावना को नृत्य के माध्यम से मनाने की पहल को सराहा। प्रो. रिंकू अग्रवाल ने मुख्यातिथि, निर्णायक मंडल एवं स्वयंसेवकों का धन्यवाद प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डा. वीना राठौर, डा. दीपाली भंडारी, डा. विनीता, डा. नलिन, प्रो. सुशील, डा. वीना तोमर, प्रो. किरण बाला समेत समस्त स्टाफ सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सभी स्वयंसेवक तथा अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

दिव्य हिमाचल Wed, 01 December 2021
https://epaper.divyahimachal.com/c/64682806

*News Clip 17 Divya Himachal 01.12.2021 p.4*

# 39. Fire Safety/ awareness on disaster Management on 01.12.2021



महाविद्यालय पांवटा साहिब में आपदा प्रबंधन पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चे और एनसीसी के कैडेटस।

## मकान में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

### आपदा प्रबंधन की टीम ने किए रेस्क्यू, पांवटा साहिब कॉलेज में मॉकड्रिल का हुआ आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

पांवटा साहिब (सिरमौर)। समय सुबह 10.45 बजे। अचानक अग्निशमन केंद्र पांवटा सूरजपुर कार्यालय में टेलीफोन की घंटी बजती हैं। डरे सहमे से दूसरी तरफ से आवाज आती हैं। भूकंप की वजह से घर को क्षति पहुंची हैं। कॉलेज के समीप घर में परिवार के आधा दर्जन लोग क्षतिग्रस्त घर के भीतर फंस गए हैं। आप आकर इनकी जान बचा लीजिए।

सूचना मिलते ही होम गार्ड कंपनी कमांडर सुरेंद्र कुमार पुंडीर और जयपाल शर्मा समेत पूरी टीम वाहन से मौके पर पहुंचती हैं। काफी मशक्कत के बाद टीम 11: 25 बजे तक घर में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लेती हैं। ये दृश्य था बुधवार को राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में आपदा प्रबंधन सेल की ओर से एक मॉकड्रिल कार्यक्रम का।



पांवटा कॉलेज में मॉकड्रिल के दौरान रेस्क्यू करती आपदा प्रबंधन टीम। संवाद

अमर उजाला लाइव

विद्यार्थियों को बाढ़ से बचाव, भूकंप, आगजनी, रसायन लीकेज समेत आपदाओं से बचने की जानकारी दी। होम गार्ड कंपनी कमांडर सुरेंद्र पुंडीर और अग्निशमन विभाग से जयपाल शर्मा ने विद्यार्थियों से अपने विचार साझा किए। उन्होंने विस्तार से असामयिक आगजनी, भूस्खलन और भूकंप के बारे में विद्यार्थियों को बताया और इससे बचने के उपायों के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया। होमगार्ड एवं अग्निशमन विभाग से दिनेश कुमार प्लाटून कमांडर, यशपाल, ईश्वर चंद, नरेश कुमार और सहीराम सहयोगी के रूप में मौजूद रहे।

#### कॉलेज के समीप घर से आपदा प्रबंधन की टीम ने किए रेस्क्यू

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वीना राठौर ने बताया कि प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदा से बचने के लिए सतर्कता के साथ उपाय भी जरूरी है। इस तरह की मॉकड्रिल में जानकारी आपदा के समय बहुत काम आती हैं।

इस अवसर पर आपदा प्रबंधन सेल के सह संयोजक प्रो. कमलेश शर्मा, डॉ. रितु पंत, डॉ. मोहन सिंह चौहान, डॉ. रीना चौहान, प्रो. सीमा त्यागी, प्रो. तनु चंदेल, प्रो. धनवंती कंडासी, प्रो. किरण, प्रो. पुष्पा यादव, प्रो. चीनू बंसल, बाहर सैनी, अपर्णा गर्ग, डॉ. जय चंद शर्मा और प्रो. सुशील तोमर उपस्थित रहे।

*News Clip 18 Amar Ujala 02.12.2021 p.4*

## 40. Plantation drive in collaboration with Bharat Vikas Parishad during Clean India Programme on 8.10.2021

### पांवटा साहिब कालेज में पौधारोपण

पांवटा साहिब। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में भारत विकास परिषद और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डाक्टर वीना राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस पौधारोपण कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के सौजन्य से बोगनविलिया, हरसिंगार, अश्वगंधा, रात की रानी, आलमंदा, नीम, चम्पा व अंजीर आदि प्रजातियों के 30 पौधे लगाए गए। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नीरज गोयल ने अपने संबोधन में सभी स्वयंसेवकों से प्रकृति से जुड़कर उसके संरक्षण एवं प्रेम भाव बढ़ाने का आह्वान किया। प्राचार्य डा. वीना राठौर ने भारत विकास परिषद और एनएसएस इकाई को इस कार्यक्रम के आयोजन पर बधाई दी।

*News Clip 19 Divya Himachal 09.10.2021 p-4*


अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
हिमाचल प्रदेश
पौधारोपण महाअभियान
27 जुलाई 2019
1
लाख पौधे
एक दिन में
साथ आओ
राष्ट्र पुनर्निर्माण करो
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
ज्ञान • शील • एकता
@hpabvp @abvphp @abvphp +91 - 9459-4719-49




*Photograph 69 Students planting a tree*



*Photograph 70 group of students during plantation drive*

# II. Report of Extension Activities: Academic Year 2019-20

# 1. Oath taking on inauguration of Swachchta Pakhwada on 05.08.2019




*Photograph 71 Students taking oath on Swachchta*




*Photograph 72 Officials of Rotary Club Paonta Sahib motivating students to observe Swachchta in their surroundings*

# 2. Programme on Sound pollution and Plastic Waste Management on 09.10.2019



पांवटा साहिब – पीजी कालेज मे जागरुकता कार्यक्रम मे मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ

## पांवटा कालेज में ध्वनि प्रदूषण-प्लास्टिक प्रबंधन पर कार्यक्रम

पांवटा साहिब। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सोजन्य से पांवटा साहिब के श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत रोवर्स-रेंजर्स इकाई के सहयोग से आयोजित हुआ। इसमें विशेष तौर पर, पर्यावरण अभियंता, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एके शारदा व उनके सहयोगी अनिल कुमार ने ध्वनि प्रदूषण व प्लास्टिक प्रबंधन पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। एके शारदा ने ध्वनि प्रदूषण के कारक व उसके दुष्परिणाम तथा उससे संबंधित अधिनियमों की जानकारी सांझा की। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल आदि सभी ध्वनि वर्जित क्षेत्रों में आते हैं, जहां हॉर्न बजाना, पटाखे फोड़ना, जैसे तेज ध्वनि वाले यंत्रो का प्रयोग करने पर पाबंदी है। उन्होंने प्लास्टिक प्रबंधन के बारे में बताते हुए नए अधिनियम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान में नगर परिषद के साथ ग्राम पंचायतें भी जुड़ गई हैं। नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को प्लास्टिक फ्री वातावरण बनाने में व्यक्तिगत स्तर पर जुड़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो देविंद्रा गुप्ता, प्रो चंद्रकांत, प्रो प्रदीप तोमर व प्रो सोनिया मोहिल, रोवर-रेंजर्स अधिकारी, प्रो उषा जोशी, केएस नेगी, प्रो रीना चौहान, प्रो कल्याण राणा, महेश तथा लगभग 150 विद्यार्थी मौजूद रहे।

*News Clip 20 Divya Himachal 11.10.2019 p-2*

## 3. NSS Seven Days Special Annual Camp w.e.f 31.01.2020-06.02.2020

# अपने से बड़ों का आदर करने का दिया संदेश

## स्वयंसेवियों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम, राजकीय महाविद्यालय पांवटा में एनएसएस शिविर का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**पांवटा साहिब (सिरमौर)।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का वीरवार को समापन हुआ। समारोह में प्राचार्या डॉ. वीना राठौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि व राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों ने मैदान में ध्वजारोहण किया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

शिविर में रोटरी क्लब, सन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड पांवटा साहिब, पुलिस विभाग पांवटा साहिब, ग्लोबल अकादमी पांवटा साहिब व पत्रकारों का भरपूर सहयोग मिला। स्वयंसेवियों में प्रीति कपूर ने एनएसएस गान व कुमारी उमा ने शिविर में प्राप्त अनुभवों को साझा किया। स्वयंसेवियों ने घरेलू झगड़ों पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। जिसमें बड़ों का आदर करने का संदेश दिया। तनवी के समूह ने एक खूबसूरत नाटी प्रस्तुत की, वहीं लड़कों ने मनमोहक हारुल पेश किया। आरती व ललित ने हरियाणवी नृत्य व शीतल की टीम ने गिद्दा की प्रस्तुति दी। अंकित ने सूफी गानों पर एक खूबसूरत प्रस्तुति दी। सात दिनों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी स्वयंसेवियों को सन फार्मास्यूटिकल लिमिटेड के मेडिकल ऑफिसर डॉ. नीना सबलोक को प्राचार्या ने पुरस्कृत किया। रोटरी क्लब के एक्स-चेयरमैन राकेश रेहल ने स्वयंसेवियों के द्वारा किए गए कार्यों को सराहा। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. वीना राठौर, प्रो देवेंद्र गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीना गुप्ता, प्रो. कल्याण राणा, राकेश रेहल, शन्ति स्वरूप गुप्ता, एनएम रमौल, डॉ. नीना सबलोक, प्रो. रामलाल तोमर, कार्यालय अधीक्षक अशरफ अली, शिक्षक व गैर शिक्षक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



पांवटा साहिब कॉलेज में एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवी। संवाद

*News Clip 21 Amar Ujala 07.02.2020 p.4*

एनएसएस शिविर में दी अहम जानकारी

**पांवटा साहिब (सिरमौर)।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में छठे दिन स्वयंसेवकों ने शारीरिक व्यायाम व योगाभ्यास के बाद महाविद्यलय के परिसर की सफाई की। विभिन्न बौद्धिक सत्रों के दौरान पांवटा गैस एजेंसी के संचालक प्रदीप शर्मा ने अपनी टीम के साथ एलपीजी सुरक्षा के बारे में बताया। उन्होंने उचित प्रयोग व सुरक्षा से जुड़े सवालों का भी विद्यार्थियों को जवाब दिया। डॉ. नीना सबलोक ने बतौर रिसोर्स पर्सन पहुंची। डॉ. सबलोक ने प्राथमिक उपचार का प्रयोगात्मक प्रदर्शन भी किया। उसके बाद डॉ. विवेक नेगी, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी), संस्कृत कॉलेज नाहन ने स्वयंसेवकों को चरित्र निर्माण के संदर्भ देकर समझाया। कार्यालय अधीक्षक अशरफ अली, जावेद अली, नजाकत अली, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीना चौहान व प्रो. कल्याण राणा समेत स्वयंसेवक मौजूद रहे।

*News Clip 22 Amar Ujala 06.02.2020 p.4*

## 4. Awareness on social media about Covid 19 and stitching and distribution of face masks among villagers by volunteers of college

### स्वयंसेवक कर रहे लोगों को कोविड-19 पर जागरूक

पांवटा साहिब (सिरमौर)। सिरमौर के राष्ट्रीय स्वयं सेवक के समन्वयक भार्गव तोमर ने कहा कि जैसे कि केंद्र सरकार का आदेश है कि कोरोना जैसी महामारी हमारे देश में तेजी से फैलने से बचने के लिए जागरूकता जरूरी है। इसी बीच देश के सभी एनएसएस के स्वयं सेवी भी लोगों को जागरूक करने उतर रहे हैं। सोशल मीडिया व कर्फ्यू में ढील के दौरान लोगों तक हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। बता दें कि जिला सिरमौर में भार्गव तोमर के नेतृत्व में सभी एनएसएस के स्वयं सेवी स्वेच्छा से काम कर रहे हैं। लोगों को कोरोना बारे में जागरूक कर रहे हैं। खुद मास्क तैयार करके लोगों को बांट रहे हैं। संवाद

*News Clip 23 Amar Ujala*

# स्वयंसेवियों की मुहिम का हर कोई कायल

## पांवटा कॉलेज में कोविड-19 को लेकर सोशल मीडिया पर कराई जा रही प्रतियोगिताएं

धीरज चोपड़ा। पांवटा साहिब




▶ लोगों को कर रहे जागरूक, ग्रुप को 6 हजार लोग कर रहे फॉलो

▶ खरे हिमाचली, घरे हिमाचली सुपर हीरो को सलाम थीम पर पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग कंपीटिशन

राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रिंसिपल वीना राठौर के नेतृत्व तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रीना चौहान व प्रोफेसर कल्याण राणा की निगरानी में कोरोना संकट में तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। स्वयंसेवी अपने-अपने गांव में लोगो को मास्क पहनने, शारीरिक स्वच्छता एवं समाज में शारीरिक दूरी के नियम अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे है। स्वयंसेवियों ने मार्च माह से ही सोशल मीडिया के जरिये मिशन कोविड-19 खरे हिमाचली घरे हिमाचली, सुपर हीरोज को सलाम इत्यादि थीम पर पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, कविता लेखन इत्यादि प्रतियोगितायों का आयोजन कर जागरूकता फैला रहे हैं। सोशल मीडिया के इस ग्रुप को लगभग 6 हजार लोग फॉलो कर रहे है। महाविद्यालय के 60 स्वयंसेवी आरोग्य सेतु एप डाउनलोड कर चुके है तथा अपने परिवार व आस पड़ोस के लोगों को भी आरोग्य सेतु एप के बारे में जागरूक कर रहे हैं। वे भारत सरकार द्वारा जारी आई गोट एप से कोविद-19 की ट्रेनिंग लेने के लिए भी तत्पर है। महाविद्यालय के स्वंय सेवी भार्गव तोमर, मोहम्मद तालिब, पूजा, भारती, अजय, विजय, प्रीती कौशल्या, विक्रम ठाकुर, अंकित, अंकिता भरवाल, काजल कश्यप इत्यादि अपने अपने क्षेत्रों में स्वयं मास्क बना रहे हैं। उन्हें गांव के लोगों व पंचायत प्रधानों को सौंप रहें है। अब तक लगभग 500 मास्क बनाकर बांट चुके हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा इच वन डोनेट हंड्रेड वन स्कीम के तहत दान देने की प्रकिया भी शुरू कर चुके हैं।

*News Clip 24 Himachal Dastak 22.04.2020 p. 4*



# कोरोना...स्वयंसेवी आए आगे

## पांवटा साहिब कालेज के छात्र लोगों को कर रहे जागरूक

**कार्यालय संवाददाता-पांवटा साहिब**

राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्राचार्या डा. वीणा राठौर के नेतृत्व तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीना चौहान व प्रो कल्याण राणा की निगरानी में कोरोना संकट में तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। स्वयंसेवी अपने-अपने गांव में लोगों को मास्क पहनने, शारीरिक स्वच्छता एवं समाज में शारीरिक दूरी के नियम अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। स्वयंसेवियों ने मार्च माह से ही सोशल मीडिया के जरिए कोविड-19 पर हिमाचली घरे हिमाचली, श्सुपर हीरोज को सलाम इत्यादि थीम पर पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, कविता लेखन इत्यादि प्रतियोगितायों का आयोजन कर जागरूकता फैला रहें हैं। सोशल मीडिया के इस ग्रुप को लगभग 6000 लोग फॉलो कर रहें है। महाविद्यालय के 60 स्वयंसेवी आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड कर चुके हैं तथा अपने परिवार व आस पडोस के लोगों को भी आरोग्य सेतु ऐप के बारे में जागरूक कर रहे हैं। वे भारत सरकार द्वारा जारी आई.गोट ऐप से कोविड-19 की ट्रेनिंग लेने के लिए भी तत्पर हैं। महाविद्यालय के स्वयंसेवी भार्गव तोमर, मोहम्मद तालिब, पूजा, भारती, अजय, विजय, प्रीती कौशल्या, विक्रम ठाकुर, अंकित, अंकिता भरवाल, काजल कश्यप इत्यादि अपने अपने क्षेत्रों में स्वयं मास्क बना रहे हैं तथा उन्हें गांव के लोगों व पंचायत प्रधानों को सौंप रहें है। अब तक लगभग 500 मास्क बनाकर बांट चुके हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में की हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा इच वन डोनेट हंड्रेड वन स्कीम के तहत दान देने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुके हैं। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई जिला प्रशासन के साथ भी काम कर रही है।

दिव्य हिमाचल Wed, 22 April 2020
https://epaper.divyahimachal.com/c/51194682

*News Clip 25 Divya Himachal, 22.04.2020 p.4*

Media Coverage link: [https://fb.watch/f8tMmLG6f4/](https://fb.watch/f8tMmLG6f4/)

## 5. Awareness regarding plastic waste by Green Waves Eco Club on 12.11.2019

### पांवटा कालेज ने प्लास्टिक वेस्ट पर किया जागरूक




पांवटा साहिब-श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में ग्रीन वेव्स ईको क्लब द्वारा प्लास्टिक वेस्ट के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान प्लास्टिक वेस्ट फ्री कैंपस स्वच्छता ही सेवा-2019 के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अभियान में छात्रों द्वारा लगभग सात किलोग्राम मिक्स प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया गया तथा उसे एमसी ऑफिस पांवटा साहिब में जमा करवाया गया। इस अभियान में प्राचार्या देविंद्रा गुप्ता, ईको क्लब प्रभारी प्रो. धनमंती कंडासी, प्रो. सीमा त्यागी तथा डा. जाहिद अली मालिक आदि सम्मिलित हुए। प्राचार्या देविंद्रा गुप्ता ने ईको क्लब के सदस्यों द्वारा छात्रों को प्लास्टिक वेस्ट के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया गया तथा उन्हें कालेज कैंपस को प्लास्टिक वेस्ट फ्री रखने का भी संकल्प दिया गया।

*News Clip 26 Divya Himachal 13.11.2019 p.4*

# 6. Rally and Nukkad Natak on 28.11.2019 during Special drive against drug abuse

राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में नशा रोकथाम पर

नुक्कड़ नाटक तथा रैली का आयोजन

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी राजकीय महाविद्यालय में नशा व एल्कोहौल की रोकथाम हेतु 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत दिनांक 28.11.2019 को महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से एक नुक्कड़ नाटक आयोजित किया ।कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो देविंद्रा गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने आम जनता को नशे के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक में उन्होंने दिखाया कि किस तरह नशे ने एक गरीब विधवा माँ के इकलौते बेटे को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। विद्यार्थियों ने सभी महाविद्यालय प्रशासन, स्टाफ मेंबर्स तथा विद्यार्थियों को नशे की रोकथाम हेतु एकजुट होकर नशे का खात्मा करने का आहवान किया। नुक्कड़ नाटक के पश्चात स्वंयसेवको तथा अन्य विद्यार्थियों द्वारा नशे की रोकथाम हेतु एक रैली निकाली गई जिसका शुभारम्भ प्राचार्या प्रो देविंद्रा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली कॉलेज परिसर से लेकर शुभखेड़ा तक निकाली गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल के संयोजक प्रो धनमंती, सदस्य प्रो चीनु बंसल , प्रो रीना चौहान, प्रो कांता चौहान व प्रो सुनील, कार्यालय अधीक्षक श्री अशरफ अली, वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो जगदीश चौहान, प्रो रामलाल तोमर, प्रो किरण, प्रो तन्नु चंदेल, प्रो अमिता जोशी, प्रो उषा जोशी, श्री जाहिद अली, प्रो अरुनदीप चौधरी, प्रो सोनिया व समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

28.

प्राचार्या

*Report 1 Nukkad Natak on 28.11.2019*




*Photograph 73 staff and students after rally on Prevention of Drug Abuse and Alcoholism*




*Photograph 74 Students ready for rally against drug abuse and alcoholism*




*Photograph 75 Nukkad Natak on Drug Abuse by college students*

# 7. Rally on International Day of Prevention of drug abuse on 26-06-2019




पांवटा साहिब में नशा निवारण रैली निकालते कॉलेज के शिक्षक व विद्यार्थी। -अमर उजाला

## में करिश्मा प्रथम

### नशा अच्छी चीजों का करें : प्रियंका चंद्रा

### लोगों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**नाहन/संगड़ाह (सिरमौर)।** मादक द्रव्य निवारण दिवस पर सिरमौर में विद्यार्थियों ने जागरूकता रैलियां निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। नशा निवारण को लेकर नाहन शहर के चौहान मैदान में पुलिस विभाग की ओर से रैली निकाली गई। हुआ। एसपी अजय कृष्ण शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर एएसपी वीरेंद्र ठाकुर भी मौजूद रहे। एसपी ने कहा कि नशा छोड़ना मुश्किल नहीं है। यदि नशे की लत में फंसा व्यक्ति मन में नशा छोड़ने की ठान ले तो वह छोड़ सकता है। उधर, संगड़ाह के डाईस इंस्टीट्यूट में भी नशा निवारण दिवस पर कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर भाषण, चित्रकला, समूहगान व लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक कुलदीप शर्मा ने संस्थान के कार्यकलापों से मुख्य अतिथि को अवगत करवाया। कार्यक्रम में जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में डाईस संस्थान की छात्रा सुमन शर्मा प्रथम, रामगोपाल दूसरे व हरिपुरधार के रविंद्र तीसरे स्थान पर रहे। पेंटिंग में मूक बधिर छात्रा निर्मला शर्मा ने प्रथम, रजत चौहान ने द्वितीय और प्रोमिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य में हरिपुरधार प्रथम और संगड़ाह दूसरे स्थान पर रहा। एकल गायन में हरिपुरधार की छात्रा किरण प्रथम रही। समूह गान में एकल विद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में कल्पना शर्मा, किरण बाला व प्रोमिला क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। ब्यूरो

### नौहराधार-शिलाई में नशे के बताए दुष्प्रभाव

**नौहराधार/शिलाई (सिरमौर)।** नौहराधार में नशा निवारण पर जागरूकता रैली निकाली गई। इसकी अगुवाई एएसआई चेतन चौहान ने की। रैली में व्यापार मंडल, विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। शिलाई कॉलेज में भी मादक पदार्थ सेवन एवं तस्करी निषेध दिवस मनाया गया। इसमें डॉ. विश्वजीत बंसल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर विनोद पंवार ने भी मादक पदार्थों पर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर प्रोफेसर केआर तोमर, दीपक कुमार, संदीप शर्मा विद्या वर्मा, वंदना, लक्षिता ठाकुर, दिनेश शर्मा, राकेश शर्मा, दिनेश शर्मा, सुदेश तोमर उपस्थित रहे। ब्यूरो

## रैली निकाल नशे के खिलाफ जगाई अलख

अमर उजाला ब्यूरो

**पांवटा साहिब (सिरमौर)।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में बुधवार को एंटी ड्रग सेल के नेतृत्व में नशा निवारण पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से छात्रों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में लोगों को जागरूक किया।

राजकीय पांवटा कॉलेज की प्राचार्या प्रो. देवेंद्र गुप्ता ने रैली को संबोधित किया। प्राचार्या ने कहा कि नशा युवाओं को तबाह कर रहा है। युवा सजग व जागरूकता फैलाकर इस खतरे से निपट सकते हैं। छात्रों ने कॉलेज परिसर से लेकर शुभखेडा तक रैली निकाली। इस अवसर पर एंटी ड्रग सेल के सदस्य प्रो. धनमंती, प्रो. चीनू बंसल, प्रो. रीना चौहान, प्रो. सुनील, प्रो. कांता चौहान और अन्यों ने सहभागिता निभाई। पांवटा महाविद्यालय में 26 जून से 10 जुलाई तक नशा निरोधक पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पोस्टर मेकिंग, नारा-लेखन, कविता-पाठ, भाषण, निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इस अवसर पर प्रो. सुलक्षणा, प्रो. मनदीप गांधी, नरेश कुमार बत्रा, प्रो. दिपाली, प्रो. उषा जोशी, प्रो. जाहिद अली, प्रो. अली मौजूद रहे।

**पांवटा कॉलेज में 26 जून से 10 जुलाई तक मनाया जा रहा नशा निरोधक पखवाड़ा**

### कालाअंब में नशे के खिलाफ किया जागरूक

**कालाअंब (सिरमौर)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सिरमौर की ओर से कालाअंब पंचायत घर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जागरूकता शिविर लगाया गया। सीएमओ डॉ. केके पराशर की अध्यक्षता में शिविर संपन्न हुआ। सीएमओ ने कहा कि मादक वह पदार्थ है जिसके सेवन से व्यक्ति नशे का अनुभव करता है। इसके लगातार सेवन से व्यक्ति इसका आदी बन जाता है। समाज में शराब, चरस, भांग, गांजा, अफीम व तंबाकू आदि ऐसे मादक पदार्थ हैं जो व्यक्ति को ही नहीं बल्कि समाज को भी खोखला कर रहे हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग के साथ-साथ मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ लड़ाई के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नशे के चंगुल में फंसने से रोकें। डॉ. केके पराशर ने कहा कि मादक द्रव्य दुरुपयोग सबसे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वीना सांगल, डॉ. अश्विनी पुंडीर, उपस्थित रहे। ब्यूरो

*News Clip 27 Amar Ujala 27-6-2019 p.4*

# 8. Blood Donation Camp on 21.10.2019

## 94 यूनिट रक्त एकत्रित किया

### श्री गुरु गोबिंद सिंह जी कॉलेज में रक्तदान शिविर




*पांवटा साहिब। रक्तदान करती प्रधानचार्य देवेंद्र गुप्ता।*

हिमाचल दस्तक ब्यूरो।
पांवटा साहिब

पांवटा एंव रोटरेक्ट क्लब कै टेलिस्टफॉरचेंज के द्वारा आईएमए देहरादून के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें कुल 94 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जिसमें से 13 लड़कियों की भागीदारी रही व 53 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। इस शिविर में भारतीय चिकित्सा संस्थान (ओईएमए) देहरादून से आए डॉ. संजय डॉ. भुवनेश की टीम (सरिता, दिव्या, शिवम्गुप्ता, कमलेश और अमर सिह) ने रक्त इकट्ठा किया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. देविंद्रा गुप्ता, स्टाफ प्रो एनआर गोपाल, प्रो. जगदीश चौहान, प्रो. विम्मी रानी, जावेद ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष अनिल सैनी एवं रोटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद तालिब ने कहा की डिग्री कॉलेज पांवटा में इस वर्ष नया रोटरेक्ट क्लब बनाया गया है जिस की शुरुआत हमने पौधरोपण कर के की थी, ब्लड डोनेशन कैंप हमारा दूसरा प्रोजेक्ट है, आगे भी हमारे द्वारा जनहित में ऐसे प्रोजेक्ट कॉलेज में होते रहेंगे। रोटरी पांवटा ने डिग्री कॉलेज को एक घास काटने की मशीन भी दी गई। प्रिंसिपल देवेंद्र गुप्ता कोऑर्डिनेटर रीना चौहान ने बताया कि आज अंतरराष्ट्रीय विश्वशांति दिवस पर रोटरी क्लब द्वारा महाविद्यालय में ही एक वार्ता आयोजन भी किया गया।

*News Clip 28 Divya Himachal 22.10.2019 p. 4*

## 9. Blood Donation Camp on 14.03.2020

# रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

### पांवटा साहिब कॉलेज में आयोजित शिविर में 30 यूनिट रक्त किया एकत्रित

हिमाचल दस्तक ब्यूरो।
पांवटा साहिब




**पांवटा** साहिब में शनिवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में रोटरी क्लब पांवटा एंव रोटरेक्ट क्लब केटेलिस्ट फॉर चेंज के द्वारा आई एमए देहरादून के सहयोग से रक्त दान शिविर लगाया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों व शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । इसमें कुल 30 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ जिसमें से 13 लड़कियों की भागीदारी रही। 30 विद्यार्थी रक्तदान के लिए अपात्र पाये गए। इस शिविर में भारतीय चिकित्सा संस्थान (आईएमए) देहरादून से आये डॉ. संजय व् डॉ भुवनेश की टीम ने रक्त इकट्ठा किया। शिविर रोटरी पांवटा के अध्यक्ष अनिल सैनी ने रक्तदान करके इस का शुभारंभ किया। इस दौरान अनिल सैनी ने कहा की रक्तदान महादान है तथा इस शुभ कार्य में सभी नागरिकों को बढ-चढ कर हिस्सा लेना चाहिए । महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो देविंद्रा गुप्ता, स्टाफ मेंबर्स प्रो जगदीश चौहान, प्रो वंदना कंसल, जावेद, शहर के मशहूर क्लॉथ हाउस मालिक गणेश, जगजोत सिंह ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष अनिल सैनी एवं रोटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद तालिब ने कहा की डिग्री कॉलेज पांवटा के रोटरेक्ट क्लब ने इस सत्र में ये दूसरा रक्तदान शिविर लगाया है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. वीना राठौर ने रोटरी क्लब का धन्यवाद करते हुए कहा कि रोटरी क्लब महाविद्यालय को विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ कई सुविधाओं को प्रदान करने में सहयोग कर रहा है जिसके लिए महाविद्यालय प्रशासन क्लब के आभारी है। रोटरी प्रधान अनिल सैनी ने बताया कि इस शिविर में रोटरेक्ट क्लब के साथ साथ महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का भी भरपूर योगदान मिला। इस अवसर पर रोटरी प्रेसिडेंट अनिल सैनी सचिव राकेश रेहल , रोटरेक्ट प्रेसिडेंट मोहम्मद तालिब, इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन कुलवंत सिंह चौधरी, शांति स्वरूप गुप्ता, कॉलेज के सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे।

*News Clip 29 Himachal Dastak 15.03.2020 p. 6*


Rotary Paonta Sahib
Welcomes You
Blood Donation Camp
Rotaract Club :- Catalyst For Change
2020/3/14 11:22


Rotary Paonta Sahib
Rotary
Welcomes You
for
Blood Donation Camp
Rotaract Club :- Catalyst For Change
2020/3/14 11:17

## 10. Plantation drive in collaboration with Rotary Club and Pollution Control Board on 23.08.2019

# रोटरी पांवटा ने किया डिग्री कालेज में पौधारोपण




पांवटा साहिब । पांवटा साहिब के डिग्री कालेज में रोटरी पांवटा एवं रोट्रेक्ट क्लब गवर्नमेंट डिग्री कालेज पांवटा साहिब द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिशाषी अभियंता अविनाश शारदा और रोटरी पांवटा के प्रेजिडेंट अनिल सैणी विशेष रूप से मौजूद रहे। कालेज में विभिन्न प्रकार के पौधों को रोपित किया गया। इनमें आंवला, नीम, अंजीर, कदम और अरिका पाम के कई पौधे लगाए गए। रोटरी पांवटा की यह मुहिम अपने सहयोगी क्लबों द्वारा चलती रहेगी। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनिल सैणी कहा कि जिन स्कूलों में हमारे इंटरेक्ट क्लब, रोट्रेक्ट क्लब बने हुए हैं वहां र 30 अगस्त तक सभी स्कूलों और कालेजों को पौधा रोपण करने के लिए हा गया है।

*News Clip 30 Divya Himachal 23.08.2019 p. 4*

## 11. Cleanliness drive outside the college campus during “Swachchta Pakhwara” in August 2019.

# पांवटा साहिब कॉलेज में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा



स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान उपस्थित छात्र व अध्यापक।

हिमाचल दस्तक
ब्यूरो। पांवटा साहिब

**श्री** गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा रोवर्स-रेंजर्स द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाते हुए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर रीना चौहान एवं प्रोफेसर कल्याण राणा और रोवर-रेंजर्स इंचार्ज प्रोफेसर सोनिया मोहिल एवं प्रदीप तोमर के नेतृत्व में हुए इस शिविर में कुल 200 स्वंय सेवक तथा 48 रोवर्स-रेंजर्स ने भाग लिया। शिविर छात्रों ने कॉलेज के मैदान, कैंटीन क्षेत्र, सीमा की दीवार, उद्यान और कॉलेज के बाहरी क्षेत्र की सफाई की। उन्होंने कॉलेज मैदान, पानी क्षेत्र और कॉलेज की बाहरी सीमा से घास उखाड़ी, कॉलेज में पानी की टंकियों की सफाई की तथा आने वाले दिनों में होने वाले पौध रोपण हेतु गड्ढे खोदे। इस दौरान छात्रों ने अपना भोजन खुद बनाया तथा शिविर के अंत में स्वच्छता अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महाविद्यालय के विद्यार्थियों, कॉलेज के साथ लगती दुकानों के मालिकों को स्वच्छता के प्रति सजग होने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रधानाचार्य देविंद्रा गुप्ता ने छात्रों को कैंप के सफल आयोजन की बधाई दी व स्वतंत्रता दिवस की भी शुभकामनाएं दी।

*News Clip 31 Himachal Dastak*



*Photograph 76 Students cleaning road to HIMUDA Colony*

# 12. Fit India Plogging Rally from Housing board colony to Shubhkheda on 02-10-2019




*Photograph 77 Rally on Gandhi Jayanti during Fit India Plogging Movement*

# कॉलेज के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

पांवटा साहिब (सिरमौर)। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गांधी जयंती पर एक दिवसीय शिविर लगाया। स्वयंसेवकों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से शुभखेड़ा तक पॉलिथीन के उपयोग को बंद करने को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली। एनएसएस प्रभारी प्रो. रीना चौहान व प्रो. कल्याण राणा ने बताया कि इस दौरान स्वयंसेवकों ने सफाई भी की। ब्यूरो

*News Clip 32 Amar Ujala 3-10-19 p.5*




*Photograph 78 Students at  Shubhkheda Village*




*Photograph 79 Students during rally on Swachchta*

# 13. Cleanliness drive in Yamuna Path, Yamuna Ghat in collaboration with Municipal Corporation, Paonta Sahib on 01.02.2020




*Photograph 80 Students at Municipal Corporation Office Paonta Sahib before the cleanliness drive*



*Photograph 81 students at Gurudwara Ground*

## 14. Cleanliness drive in Gurudwara Ground, SDM Court, Canal Road, Devinagar on 02.02.2020

गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवकों के दो समूहों ने मिनी सेक्रेटेरिएट व तहसील आफिस में जाकर स्वच्छता जागरूक अभियान के तहत सफाई की व आम लोगों को जागरूक किया। स्वंयसेवकों ने नहर रोड पर फैले प्लास्टिक को भी हटाया। अन्य स्वंयसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में भोजन बनाया, परिसर में संगीत विभाग, आफिस, क्लास रूम व मैदान की सफाई की और झाड़िया काटी। इस अभियान के दौरान प्रोग्राम अफसर के साथ रोटरी क्लब के श्री शांति स्वरूप मौजूद रहे।




*Photograph 82 Students at Tehsil office and Mini Secretariate after cleanliness drive in the premise*

## 15. Cleanliness drive in Deijee Sahiba Ground and Awareness camp in Slum Area beside Kripal Sheela Road about Drug abuse and hygiene on 04.02.2020

# पांवटा महाविद्यालय में एनएसएस शिविर शुरू

## डीएसपी पांवटा सोमदत्त ने की शिरकत

संवाद न्यूज एजेंसी

**पांवटा साहिब (सिरमौर)।** गुरु गोबिंद सिंह राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरू हो गया है।

डीएसपी पांवटा सोमदत्त ने इस शिविर में रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। उन्होंने बढ़ती घरेलू हिंसा, महिला अपराध एवं नशा आदि गैर कानूनी कार्यों को नैतिक मूल्यों से कम करने पर बल दिया। उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष को स्वयंसेवकों के साथ सांझा करते हुए कहा कि कोई भी इंसान बड़ा नहीं होता। बल्कि संघर्ष व्यक्ति को बड़ा बनाता है। स्वयंसेवकों ने दूसरे दिन शनिवार को रोटरी क्लब पांवटा और नगर निगम के सहयोग के साथ यमुना पथ, यमुना घाट एवं मंदिर, गुरुद्वारा ग्राउंड, नगर निगम मैदान, दोनों पार्क, देईजी साहिबा मंदिर को प्लास्टिक मुक्त किया, झाड़ियों को काटा तथा झाड़ू से सफाई भी की। जबकि रविवार को मालती मैथानी के निरीक्षण में स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया व कमांडर हंसराज ने परेड का प्रशिक्षण दिया।

दोपहर बाद के सत्र के लिए महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ एनआर गोपाल बतौर रिसोर्स पर्सन शामिल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए एनएसएसन के महत्व व गरिमा को बताया। इस दौरान महाविद्यालय के प्रो. मनदीप गांधी, प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. रीना चौहान व प्रो. कल्याण राणा मौजूद रहे।




*Photograph 83 Students of NSS and Rotaract Club "Catalyst for Change" with staff and President Rotary Club, Sh. Anil Saini at Deiji Sahiba Temple*



*Photograph 84 Volunteers at Slum area with children*

# 16. Cleanliness drive in city on 07-02-2020




*Photograph 85 Students with Municipal Corporation workers during cleanliness drive in the city*




*Photograph 86 Students of NSS, R&R attending the inaugural ceremony of cleanliness drive campaign at Municipal Ground*




*Photograph 87 Students at Bangran Chowk during Dleanliness drive in city*



*Photograph 88 Students of the college participating with schools in Clean City drive organised by administration on 06th February 2020*

# 17. Cleanliness drive at Yamuna Path




*Volunteers with SDM Sh. Vivek Mahajan after executing Cleanliness drive at adopted area Yamuna Path*

# 18. Collection of plastic from Kulhal barrage




*Photograph 89 Students cum rotaractors of college with Clean Paonta Green Paonta Officials*




*Photograph 90 Rotaractors  at Kulhal barrage  spreading awareness about minimum use of plastic*

# 19. Making of poly bricks on 07-03-2020




*Photograph 91 NSS Unit cum rotaractors while making poly bricks*



# एनएसएस और क्लब के सदस्यों ने बनाई पॉलीब्रिक्स

**पांवटा साहिब (सिरमौर)।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों ने मिलकर 75 पॉलीब्रिक्स बनाई हैं। एनएसएस के 35 स्वयंसेवकों ने प्रो. रीना चौहान के निरीक्षण में भाग लिया। इन स्वयंसेवकों ने विगत 2 महीनों में अनिल सैनी प्रधान रोटरी क्लब के नेतृत्व में हर वीरवार को कुल्हाल पुल से क्लीन पांवटा ग्रीन पांवटा से मनिंदर सिंह की टीम के साथ मिलकर पॉलिथीन इकट्ठा किया। कॉलेज के इन विद्यार्थियों ने अपने-अपने घरों से और महाविद्यालय प्रांगण से भी प्लास्टिक इकट्ठा किया। 7 फरवरी को एक दिवसीय शिविर लगाकर कॉलेज प्रांगण में इन स्वयंसेवकों ने पॉलीब्रिक्स बनाई। प्राचार्या डॉ. वीना राठौर ने स्वयंसेवकों के समर्पित भाव को सराहा। इस अवसर पर रोटरी क्लब पांवटा के प्रधान अनिल सैनी, प्रो.देवीन्द्रा गुप्ता, कॉलेज के रोट्रेक्ट क्लब की कोआर्डिनेटर प्रो. रीना चौहान, रोट्रेक्ट क्लब के प्रेजिडेंट मोहम्मद तालिब, पारस, आरती, अमित, विक्रम, भारती, अंकिता, अंकित रावत व मंजू समेत रोट्रेक्ट क्लब व एनएसएस के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

*News Clip 33 Amar Ujala 8-3-2020 p.4*

# सरकारी कालेज के विद्यार्थियों ने बनाई पॉलीब्रिक्स



पांवटा साहिब । श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों ने मिलकर 75 पॉलीब्रिक्स बनाई। इसमें कुल 35 स्वयंसेवकों ने प्रो. रीना चौहान के निरीक्षण में भाग लिया। इन स्वयंसेवकों ने पिछले दो महीनों में रोटरी क्लब पांवटा के प्रेजिडेंट अनिल सैणी के नेतृत्व में हर गुरुवार को कुल्हाल पुल से मनिंद्र सिंह व टीम के साथ मिलकर पोलिथील इकट्ठा किया। कालेज के इन विद्यार्थियों ने अपने-अपने घरों से व महाविद्यालय प्रांगण से भी प्लास्टिक इकट्ठा किया। शनिवार को एक दिवसीय शिविर लगाकर कालेज प्रांगण में इन स्वयंसेवकों ने पॉलीब्रिक्स बनाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. वीना राठौर ने स्वयंसेवकों के समर्पित भाव को सराहा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के वातावरण को सुखद, प्रेरणादायक व खुशहाल बनाने में विद्यार्थियों की इस भावना का अहम योगदान है।

दिव्य हिमाचल Sun, 08 March 2020 https://epaper.divyahimachal.com/c/49763

*News Clip 34 Divya Himachal 08.03.2020 p.4*

## 20. Awareness programme on Women Harassment by Amar Ujala on 06.09.2019

# अन्याय के खिलाफ महिलाएं उठाएं आवाज

### पांवटा कॉलेज में अमर उजाला का अपराजिता कार्यक्रम, कहा-बुलंद हौसले के साथ करें उत्पीड़न का मुकाबला

अमर उजाला ब्यूरो

**पांवटा साहिब (सिरमौर)।** अमर उजाला की अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स मुहिम के तहत शुक्रवार को पांवटा कॉलेज में जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा, नारी गरिमा, आत्मविश्वास व महिला उत्थान की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

श्री गुरु गोविंद सिंह राजकीय महाविद्यालय पांवटा के हाल में आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार पांवटा राजकुमार ठाकुर ने कहा कि महिलाएं अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करें। तभी महिला सशक्तीकरण का नारा बुलंद हो सकेगा। छात्राएं किसी भी उत्पीड़न का मुकाबला करते समय कतई न हिचकें। बल्कि पूरे हौसले के साथ मुकाबला करें। सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की हैं। युवाओं में नशे की बुरी लत पनप रही है। नशे के खिलाफ मिलकर लड़ना जरूरी है। आज बेटों के साथ कुछ बेटियां भी नशे की चपेट में आ रही हैं।

इस बुराई से बचना व इसके खिलाफ लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पांवटा कॉलेज की होनहार हॉकी खिलाड़ी महिमा पुंडीर से प्रेरणा लेनी चाहिए। इंडिया सीनियर नेशनल कैंप लगा चुकी हैं। आप सब में भी कुछ न कुछ प्रतिभा छिपी है। इससे देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। बस अपनी उस प्रतिभा को निखारकर आगे लाने की जरूरत है। अपराजिता कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन वरिष्ठ प्रो. रामलाल तोमर ने किया। कॉलेज की छात्राओं ने भाषण प्रस्तुत कर आत्मनिर्भर बनने की सीख दी। इस अवसर पर देवेंद्र वर्मा, प्रो. रामलाल तोमर, प्रो. रीना व प्रो. सोनिया समेत स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




पांवटा साहिब कॉलेज में अमर उजाला के अपराजिता कार्यक्रम में शपथ लेतीं छात्राएं। -अमर उजाला



पांवटा कॉलेज में अमर उजाला के अपराजिता कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देते वक्ता। -अमर उजाला

### पोक्सो एक्ट की रखें जानकारी : अश्वनी शर्मा

पांवटा बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विन शर्मा ने कहा कि किसी भी महिला के प्रति अपराध के लिए अलग-अलग दंड का प्रावधान है। बेटियों को आत्म सम्मान के साथ बेझिझक होकर जीने की कला जाननी होगी। छात्राओं को मनचलों को तुरंत सबक सिखाना चाहिए। अधिवक्ता ने अपराजिता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला उत्पीड़न, पोक्सो एक्ट व दहेज उत्पीड़न की विस्तृत जानकारी दी।

### आत्मरक्षा के गुर सीखें छात्राएं : देविंद्रा

पांवटा कॉलेज की प्राचार्य देविंद्रा गुप्ता ने कहा कि अपराजिता मुहिम जरूर रंग ला रही है। प्राचार्य ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने व आत्मरक्षा के टिप्स दिए। इससे विपरीत परिस्थितियों में आत्मरक्षा कर सकें। महिला पुलिस सहायता व गुड़िया हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी।

*News Clip 35 Amar Ujala 07.09.2019 p. 4*

# 21. Blood Donation Camp by college students on 18.07.2019




*Photograph 92 student donating blood*

← Instagram

official_harsh_choudhary
Gdc Paonta Sahib




Liked by **aakilkhan_6386** and **114 others**

**official_harsh_choudhary** आज पाँवटा साहिब महाविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा सुनिल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के उपल्क्ष पर रक्तदान का शिविर लगाया गया ! इस उपल्क्ष पर महाविद्यालय के 51 छात्र / छात्राओं ने रक्तदान किया। 51यूनिट रक्त छात्र/छात्राओं के द्वारा दान किया गया।

View 1 comment

15 November 2018 · See translation

Instagram

official_harsh_choudhary
Gdc Paonta Sahib




Liked by **aakilkhan_6386** and **114 others**

**official_harsh_choudhary** आज पाँवटा साहिब महाविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा सुनिल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष पर रक्तदान का शिविर लगाया गया ! इस उपलक्ष पर महाविद्यालय के 51 छात्र / छात्राओं ने रक्तदान किया। 51यूनिट रक्त छात्र/छात्राओं के द्वारा दान किया गया।

*Photograph 93 Principal Dr. Devendra Gupta*

# III. Report of Extension Activities: Academic Year 2018-19

# 1. Observation of Swachchta Pakhwara through posters and slogans 24.09.2018




*Photograph 94 Panel of Judge evaluating Slogans composed by students*



*Photograph 95 Students participating in various competitions on Swachch Bharat*




*Photograph 96*

# 2. “Vocal for local” through exhibition of art and crafs during Pahal- the CSCA Cultural Programme




*Photograph 97 Exhibition of art and crafts*




*Photograph 98 Exhibition of art and crafts*




*Photograph 99 Rangoli promoting Clean India, Green India during Pahal programme*

## 3. Spreading awareness regarding Women Empowerment on 19.03.2019 through various activities




*Photograph 100 Collage on Women Empowerment*




*Photograph 101 Poster on Women Empowerment*

## 4. Promotion of Communal Harmony

संगीता, शिवांतिका, पूजा व सिमरन आदि ने देशभक्ति गीत पेश कर देश सेवा का जज्बा पैदा किया। अंजली ने मैं लौंग तू लाची... गीत पर नृत्य पेश कर वाहवाही लूटी। पारूल, अमन, राघव जबकि, निहारिका ने कृष्ण भक्ति गीत गाया। नन्हीं बच्चियों मन्नत, कनिष्का व वंशिका ने सभी देशों दा शोभला म्हारा हिमाचल प्यारा.. पर तालियां बटोरीं। सुमित, रोहित, हिमांशु, सोनिया, कल्पना व ऋषभ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, प्रधानाचार्य अमृता कंवर ने सह संज्ञानात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को पुरस्कार दिए।




पांवटा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देतीं छात्राएं।। अमर उजाला

# विद्यार्थियों ने लघु नाटिका से दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

अमर उजाला ब्यूरो

पांवटा साहिब (सिरमौर)। राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भावना सप्ताह का राजकीय महाविद्यालय पांवटा में शनिवार को समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निबंध लेखन स्पर्धा में अंजना और पत्र पाठन में पारस चौहान अव्वल रहे। इस दौरान आपसी सद्भावना व राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाली लघु नाटिका, एकल गान व समूहगान समेत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत किए गए।

पांवटा कॉलेज की प्राचार्य प्रो. देवेंद्रा गुप्ता ने राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भावना सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सांप्रदायिक सद्भावना बनाए रखने व देश को सर्वोपरि धर्म की प्रेरणा दी। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को परस्कार वितरित किए। मंच संचालन करते हुए प्रो. दीपा चौहान ने एनएफसीएच संस्था के बारे में जानकारी दी। एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा एकत्रित धनराशि को दिल्ली भेजा जाएगा। प्रो. चीनू बंसल ने सभी को सांप्रदायिक सद्भाव के झंडे दिए। इस मौके पर कॉलेज के छात्र विनय ने देश ही धर्म है, गणेश तू न हिंदू बनेगा न मुसलमान बनेगा, विकेश ने तू मेरा कर्मा तथा पारस का जहां डाल-डाल पर सोने की चिडियां ..देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। हिना व तनुज की टीम ने लघु नाटिका हम सब एक है.. से आपसी सद्भावना व एकता का संदेश दिया। अंजली, रवीना व शानुल ने सत्यम शिवम सुंदरन पर शानदार नृत्य किया। निबंध लेखन में अंजना प्रथम, सुनीता व प्रतिभा संयुक्त रूप से दूसरे व प्रतीक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पत्र पाठन में पारस चौहान प्रथम, अंकित दूसरे व काजल कश्यप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

वरिष्ठ माध्यमिक

नौहराधार में नवाजे मेधावी

*News Clip 36Amar Ujala 23.12.2018 p. 5*



*Photograph 102 Opening of donation  box*

# 5. Plantation drive by students on National Sports day 29.08.2018



*Photograph 103 staff and students before plantation drive*

# 6. Rally and Awareness activities on HIV AIDS Awareness

## REPORT

A campaign against drug abuse was organized on 4th and 5th December 2018. Various activities like poster making, slogan writing, essay writing, poetry recitation and declamation on drug abuse were conducted. Many students took part in the activities with enthusiasm. A rally was also organised on 5th December, 2018 in the college campus for raising voice against drug abuse. Students holding banners and posters campaigned in the college. Members of college staff delivered lectures on ill effects of Drugs and its hazardous consequences on individuals and society. An open exhibition of posters & slogans prepared by college students against drug abuse was put up in the college for everyone to visit.

12.12.18

Principal

# 7. Rally and Awareness activities on Drug Abuse on 5.12.2018



*Photograph 104 Staff with students before going for rally on Drug Abuse*



*Photograph 105 Students during rally on Drug Abuse with their slogans*

# 8. Participation of College girls in Rally on Women Empowerment programme "Aprajita"

# शिक्षा बेटी का है अधिकार, कदम बढ़ाओ और करो विचार...

**नाहन में आयोजित अमर उजाला की अपराजिता-100 मिलियन स्माइल रैली में जुटीं सैकड़ों छात्राएं और महिलाएं, दुश्मनों से भिड़ने में भी आगे हैं देश की महिलाएं : बिंदल**







नाहन में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डॉ. राजीव बिंदल और रैली में भाग लेतीं छात्राएं। अमर उजाला




पांवटा साहिब में अपराजिता रैली में भाग लेतीं छात्राएं। अमर उजाला



ददाहू में अपराजिता कार्यक्रम में शपथ लेतीं छात्राएं और अध्यापिकाएं।

अमर उजाला ब्यूरो

**नाहन (सिरमौर)।** बेटी नहीं है किसी से कम, बेटी से मिलेगा देश को दम..., शिक्षा बेटी का है अधिकार, कदम बढ़ाओ और करो विचार...जैसे नारों से बुधवार को नाहन शहर गूंज उठा। अपराजिता 100 मिलियन स्माइल मुहिम के तहत आयोजित विशाल रैली में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

मूसलाधार बारिश में भी महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए रैली में भाग लिया। अमर उजाला की अपराजिता रैली में हरी झंडी दिखाने से पहले विस अध्यक्ष ने रैली में भाग लेने वाली महिलाओं और छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ाते हुए कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। शिलाई की प्रियंका नेगी, रितु नेगी ने कबड्डी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सिरमौर ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता, नप अध्यक्ष रेखा तोमर, उप निदेशक उच्चतर शिक्षा उमेश बहुगुणा, जिला लोक संपर्क अधिकारी बीआर चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस मदन चौहान, राकेश गर्ग, विशाल तोमर आदि उपस्थित रहे। ऐतिहासिक चौगान मैदान से रैली का आगाज हुआ। इसमें नाहन कॉलेज के एनएसएस स्वयं सेवी, माता पदमावती नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं, डाइट के प्रशिक्षणार्थी भी शामिल हुए। रैली में एसवीएन स्कूल, एवीएन स्कूल, कैरियर अकादमी, कन्या पाठशाला, होली हार्ट स्कूल, पारंगत स्कूल, सिरमौर हिल्स स्कूल, न्यू ईरा अकादमी हाई स्कूल, महिला पुलिस कर्मी, बीआरसी इंस्टीच्यूट के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## *कन्या स्कूल ददाहू में दिलाई अपराजिता की शपथ*

**ददाहू (सिरमौर)।** अपराजिता 100 मिलियन स्माइल मुहिम के तहत बुधवार को राजकीय कन्या उच्च पाठशाला ददाहू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौसम खराब होने के बावजूद छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए जीवन में सशक्त रहने का संकल्प लिया। नौवीं की छात्रा तनिष्का ने नारी की गरिमा और उसके उत्थान को लेकर विचार रखे। छात्राओं और अध्यापिकाओं को अपराजित होकर जीवन में आगे बढ़ने की शपथ भी दिलाई। स्कूल के मुख्य अध्यापक संजय पासी ने महिलाओं पर बढ़ रहे अपराधों के प्रति जागरूक करने और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर दीवाकरुणी, वंजा, बालकिशन, नागेंद्र सिंह, निशा, ईशिता शर्मा, अवंतिका शर्मा, निशा देवी सहित स्कूल की 167 छात्राएं मौजूद रहीं

## महिला सशक्तीकरण के नारों से गूंज उठा पांवटा

अमर उजाला ब्यूरो

**पांवटा साहिब (सिरमौर)।** महिला सशक्तिकरण के लिए अमर उजाला की अपराजिता-100 मिलियन स्माइल मुहिम के तहत बुधवार को पांवटा में रैली का आयोजन किया गया।

पांवटा कॉलेज की प्राचार्या प्रो. देविंद्रा गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। छात्राओं ने बैनर और नारों से लिखी तख्तियों में महिला अबला नहीं सबला है, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और बेटी है अनमोल के नारे लगा कर रैली निकाली। मुख्य अतिथि प्राचार्या प्रो. देविंद्रा गुप्ता ने रैली को संबोधित किया। प्राचार्या ने कहा कि महिला सशक्तीकरण में अमर उजाला का अपराजिता-100 मिलियन स्माइल्स कार्यक्रम सच में मील का पत्थर साबित होगा। प्रो. रामलाल तोमर और डॉ. जगदीश चौहान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बेटियों में सकारात्मक सोच से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। हॉकी खिलाड़ी मोक्षिका पुंडीर ने रैली में शामिल छात्राओं को देश, समाज, परिवार और नारी गरिमा के प्रति जिम्मेदारी की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में छात्र नेता गुरदीप सिंह लाडी और स्टाफ मौजूद रहा।

## खिलाड़ी बोलीं-मुहिम सराहनीय

### मुहिम से बेटियों के हौसले बुलंद : पुंडीर



राष्ट्रीय स्तर हॉकी खिलाड़ी और कॉलेज की छात्रा मोक्षिका पुंडीर ने कहा कि इस मुहिम ने बेटियों के हौसले बुलंद किए हैं। बेटियों को सफलता के शिखर तक पहुंचने में मददगार मुहिम है।

### बेटियां हर क्षेत्र में बढ़ रहीं आगेः ललिता



पांवटा कॉलेज की छात्रा और राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ललिता तेजवान ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। मन में कुछ बेहतर कर गुजरने का जज्बा मन में कायम है।

### मुहिम से जगाई जा रही अलख : महिमा



राष्ट्रीय स्तर की हॉकी में बतौर गोलकीपर खिलाड़ी रह कर दमखम दिखा चुकीं महिमा पुंडीर ने कहा कि इस अपराजिता मुहिम से प्रेरणा मिली है।

